# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः जीवि/परीक्षा–2/2014/231 दिनांक 11/03/2014

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

**विषय– बी.एड. (सत्र 2012–13) की परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों की बाह्य परीक्षा दिनांक 15 अप्रैल 2014 तक आयोजित कराने विषयक्।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बी.एड. (सत्र 2012–13) में एम.पी. ऑनलाइन द्वारा प्रवेशित छात्र–छात्राओं की परीक्षा संपन्न हो चुकी हैं और विश्वविद्यालय द्वारा समस्त शिक्षा महाविद्यालयों में बाह्य परीक्षक नियुक्त कर दिये गये हैं। **इस हेतु संबंधित शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वविद्यालय कार्यालय से बाह्य परीक्षकों (External Examiner) के पत्र प्राप्त कर अनिवार्य रूप से 15 अप्रैल 2014 तक परीक्षाएँ संपादित करायें।**

**इस संबंध में शिक्षा महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया जाता है कि आयोजित होने वाली बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों की बाह्य परीक्षकों द्वारा प्रैक्टीकल कक्षाएँ लेते हुये वीडियोग्राफी (VIDEOGRAPHY) होना अनिवार्य है। वीडियोग्राफी की सीडी एवं ऑनलाइन किये गये अंक (Foil/Counter Foil) (प्रथम–बाह्य परीक्षक द्वारा हस्ताक्षर की गयी मूल प्रति तथा द्वितीय–कम्प्यूटर पर ऑनलाइन अपडेट की गयी प्रति) तथा शपथ–पत्र विश्वविद्यालय कार्यालय के गोपनीय विभाग में जमा कराना आवश्यक है।**

विश्वविद्यालय की परीक्षा संबंधी वेबसाइट पर आंतरिक/बाह्य परीक्षा के अंक अपडेट करने से पूर्व शिक्षा महाविद्यालय निम्नानुसार ऑनलाइन प्रक्रिया का पालन करना सुनिश्चित करें:–

1. सर्वप्रथम, महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी ने जिस विषय में परीक्षा दी है, उसी विषय को 'अपडेट एक्जाम फार्म' आप्सन में सिलेक्ट करें तथा प्रेक्टीकल विषयों के पेपर कोड भी अनिवार्य रूप से अपडेट करें।
2. यदि छात्र ने परीक्षा देते समय विषयों में परिवर्तन किया है तो इसकी सूचना विश्वविद्यालय कार्यालय के परीक्षा विभाग में अनिवार्य रूप से दें और 'अपडेट एक्जाम फार्म' आप्सन में जाकर परीक्षार्थी के विषयों के नाम दुबारा सही अपडेट कर दें।
2. परीक्षा फार्म अपडेट करने के उपरांत **'जेनरेट प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स'** ऑप्सन में जाकर बी.एड. कक्षा सिलेक्ट करें और 'प्रोसीड' बटन को दबायें। उसके बाद स्क्रीन पर **'सेशनल/प्रेक्टीकल मार्क्स जेनेरेटेड'** लिखा आ जायेगा, इससे आपकी समस्त विषयों की विषयवार सूची जेनरेट हो जायेंगी।
3. समस्त परीक्षार्थियों के ऑनलाइन अंक विषयवार सूची में अपडेट करने के उपरांत **'क्लासवाइज प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स'** ऑप्सन में जाकर परीक्षार्थी के भरे गये सम्पूर्ण अंकों को देख लें कि छात्र के किसी विषय में अंक अपडेट करने से रह नहीं गये हों।

क्रमशः .........2

4. महाविद्यालय द्वारा भरे गये अंकों का प्रिन्ट आउट निकाल कर एक बार पुनः चैक कर लें कि किसी छात्र के अंक गलत तो नहीं भर गये हैं। गलत भरने की स्थिति में 'अपडेट प्रेक्टीकल/सेशनल मार्क्स' आप्सन में जाकर अपडेट किये गये अंकों में ऑनलाइन सुधार कर दें।

5. **संस्था सचिव द्वारा शपथ–पत्र (जिसमें उल्लेख है कि आंतरिक/बाह्य परीक्षा नियमानुसार संपादित की है) भी प्रस्तुत करें, जिसका प्रारूप संलग्न है। इसके अतिरिक्त आंतरिक/बाह्य परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रैक्टीकल पुस्तके विश्वविद्यालय कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करायें।**

अतः सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालयों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15 अप्रैल 2014 तक बाह्य परीक्षा संपादित कराकर आंतरिक/बाह्य परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट करें, जिससे निर्धारित समय–सीमा में परीक्षा परिणाम घोषित करने की कार्यवाही की जा सके। तिथि उपरांत वेबसाइट को बंद कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित शिक्षा महाविद्यालय का होगा।

**परीक्षा नियंत्रक,**

प्रतिलिपि–

1. प्राचार्य/प्राचार्या, शासकीय/अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ इस आशय के साथ कि वे बाह्य परीक्षा संपादित करायें।
2. समस्त शासकीय/अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय के परीक्षार्थियों की ओर सूचनार्थ कि वह निर्धारित तिथि में महाविद्यालय में आयोजित होने वाली बाह्य परीक्षा में सम्मिलित हों।
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
4. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर चस्पा करने हेतु।

**सहायक/उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)**

क्रमशः .........3

## // **<u>शपथ–पत्र</u>** //

संस्था का नाम – .........................................................................

संस्था सचिव का नाम – .........................................................................

पिता का नाम – .........................................................................

आयु – .........................................................................

संस्था द्वारा संचालित महाविद्यालय का नाम एवं पता – .........................................................................

मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूँ कि :–

1. यहकि, बी.एड. (सत्र 2012–13) में एम.पी.ऑनलाइन द्वारा प्रवेशित परीक्षार्थियों ने 75 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण की है और वे नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित हुये हैं।
2. यहकि, महाविद्यालय ने परीक्षा में सम्मिलित हुये परीक्षार्थियों की आंतरिक/बाह्य परीक्षा विश्वविद्यालय ऑर्डीनेंस के अंतर्गत नियमानुसार संपादित की है और परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों के ही अंक विश्वविद्यालय भेजे गये हैं।
3. यहकि, विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त किये गये बाह्य परीक्षकों से नियमानुसार प्रेक्टीकल परीक्षाएँ आयोजित करायी गयी हैं तथा बाह्य परीक्षक द्वारा दिये प्रश्नों के आधार पर ही परीक्षार्थियों की प्रेक्टीकल पुस्तकें विश्वविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत की गयी हैं।
4. यहकि अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं ने 'टीचिंग लेसन' के अध्ययन के लिये चयनित किये गये विद्यालय में नियमानुसार ट्रेनिंग ली है।

हस्ताक्षर शपथकर्त्ता

## // **सत्यापन** //

मैं शपथकर्त्ता (संस्था–सचिव) कथन करता हूँ कि मेरे द्वारा दी जा रही समस्त जानकारी मेरे निजी ज्ञान के अनुसार सत्य है, इसमें किसी भी प्रकरण का तथ्य छुपाया नहीं गया है। यदि कोई भी जानकारी असत्य पायी जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी होगी तथा विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा।

हस्ताक्षर शपथकर्त्ता